अग्नि वीर के लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने पहुंचे वित्त मंत्री

- फिजिकल टेस्ट के लिए सही ट्रेनिंग बहुत जरूरी, प्रशिक्षण कैंप का लाभ उठाएं अभ्यर्थी- वित्त मंत्री ओ पी चौधरी
- लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस ग्राउंड उर्दना में ट्रेनर्स द्वारा दी जाएगी नि:शुल्क आवासीय ट्रेनिंग
- वित्त मंत्री चौधरी ने ट्रेनिंग कैंप हेतु जरूरी इंतजामों के दिए निर्देश
- दिसम्बर माह में रायगढ़ में होगी अग्निवीर भर्ती

रायगढ़

अग्नि वीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित हुए जिले के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने वित्त मंत्री ओपी चौधरी उनके बीच पहुंचे। उन्होंने कहा लिखित परीक्षा के बाद फिजिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसके लिए सही ट्रेनिंग जरूरी होती है। जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है इसका पूरा लाभ उठाएं और चयन परीक्षा में अपना शत-प्रतिशत दें। गौरतलब है कि दिसम्बर माह में रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती का आयोजन होने जा रहा है। रायगढ़ जिले के लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट के पूर्व उन्हें पुलिस विभाग के ट्रेनर्स के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। इस संबंध में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बच्चों को अग्नि वीर में चयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि फिजिकल टेस्ट के मापदंडों के अनुरूप सही ट्रेनिंग बहुत आवश्यक है यह आपको न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है जिससे आप फिजिकल टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है की जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर में चयनित अभ्यर्थियों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। जिसमें आपके रहने खाने का नि:शुल्क इंतजाम किया जाएगा। यह सुनहरा मौका है इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिससे आपका चयन सुनिश्चित हो। अग्नि वीर में चयन से न केवल आपको देश सेवा का अवसर मिलेगा बल्कि आर्थिक संबल के साथ सैन्य अनुशासन भी आप सीख सकेंगे जो आपके जीवन को मजबूत आधार देगा। वित्त मंत्री चौधरी ने अभ्यर्थियों के लिए प्रोटीन रिच खुराक की व्यवस्था और ट्रेनिंग के लिए जूते व ट्रैकसूट इत्यादि का भी प्रबंध करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर थल सेना के लिखित परीक्षा में चयनित जिले के अभ्यर्थियों के फिजिकल ट्रेनिंग के लिए पुलिस लाइन में व्यवस्था की जा रही है। यहां अभ्यार्थियों के प्रशिक्षण के साथ उनके रहने व खाने का इंतजाम भी होगा। उन्होंने बताया कि फिजिकल टेस्ट से पहले दो चरणों में यह ट्रेनिंग पुरी की जाएगी। पहले चरण में मुख्य प्रशिक्षण का आयोजन होगा। जिसके बाद टेस्ट से पहले पुन: रिफ्रेशर ट्रेनिंग दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग में सेना द्वारा फिजिकल टेस्ट के मापदंडों के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे अभ्यर्थी टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इसमें पुलिस विभाग के पुलिस विभाग के ट्रेनर्स के साथ ही पूर्व सैनिकों तथा खेल प्रशिक्षकों का सहयोग भी लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि उर्दना पुलिस ग्राउंड में ट्रेनिंग के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं। ट्रेनिंग माड्यूल के अनुसार वहां अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने बताया कि बच्चों के मेडिकल जांच के संबंध में भी तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर माह में रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती के शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत नीलाराम पटेल, एपीसी भुनेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अग्निवीर भर्ती के लिए जरूरी किताबों और शारीरिक दक्षता के मापदंडों वाला पैंपलेट का हर ब्लॉक में होगा वितरण, मॉक टेस्ट भी किए जायेंगे आयोजित

वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने स्कूल कॉलेजों में अग्निवीर भर्ती में तैयारी के लिए जरूरी किताबों का हर ब्लॉक के स्कूल, कालेजों में वितरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आवश्यक मापदंडों का पैंपलेट तैयार कर स्कूल कॉलेजों में वितरित करने के लिए भी कहा। जिससे युवाओं को भर्ती के लिए सही मार्गदर्शन मिल सके। ब्लॉक स्तर पर खेल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों के लिए ट्रेनिंग सेसन आयोजित करने के साथ ही आगामी भर्ती परीक्षाओं के मद्देनजर मॉक टेस्ट भी लेने के निर्देश दिए।

शारीरिक दक्षता हेतु चयनित अन्य विद्यार्थी नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण हेतु कर सकते है संपर्क

जिला प्रशासन द्वारा शारीरिक दक्षता के लिए चयनित विद्यार्थियों के लिए पुलिस लाईन उर्दना में नि:शुल्क आवासीय कोर्स आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के अन्य विद्यार्थी जो शारीरिक दक्षता हेतु उत्तीर्ण हुए वे भी इसमें शामिल हो सकते है। ऐसे सभी विद्यार्थी एपीसी समग्र शिक्षा भुनेश्वर पटेल के मोबा.नं.7000081311 में समस्त विवरण भेजकर शामिल हो सकते है।

महत्वपूर्ण एवं खास

39 वें चक्रधर समारोह 2024, कबड्डी खेल आयोजन हेतु समिति गठित

रायगढ़। कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए कबड्डी खेल हेतु कबड्डी आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अमित सिंह मरकाम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, मोती महल रायगढ़/प्रतिनिधि राजपरिवार रायगढ़ देवेन्द्र प्रताप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक कबड्डी राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी तापस चटर्जी, क्रीड़ा अधिकारी सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षक विनीता पाणि, राष्ट्रीय खिलाड़ी परमेश्वर विशाल, अमित सिदार एवं चमेली सारथी तथा सहा.पुलिस उप निरीक्षक राजेन्द्र पटेल को सदस्य बनाये गये है।

कलाकार चयन हेतु समिति गठित

कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन हेतु कलाकार चयन के लिए कलाकार चयन समिति का गठन किया है। गठित समिति में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजय देवी सिंह, प्रो.अम्बिका वर्मा, बासंती वैष्णव, कथक नृत्याचार्य भूपेन्द्र बरेठ एवं जसगीत गायक देवेश शर्मा को सदस्य बनाये गये है। उक्त समिति कलाकारों के चयन हेतु अपना सुझाव देगी तथा अंतिम निर्णय अध्यक्ष आयोजन समिति, चक्रधर समारोह को होगा।

जिले में 268.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 जुलाई तक 268.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 322.6 मिली मीटर, पुसौर में 327.8, खरसिया में 222.2, घरघोड़ा में 260.9, तमनार में 187.4, लैलूंगा में 262, मुकडेगा में 313.5, धरमजयगढ़ में 208.8, छाल में 292.7 एवं कापू में 283 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

रायगढ़। प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकारए गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सी-डेक, तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

कार्यवाई : ग्राम कुसमुरा में खुड़खुड़िया पट्टी बिछाकर जुआ खेल रहे 03 युवक गिरफ्तार, कोतरारोड़ पुलिस ने जुआरियों को भेजा रिमांड पर

रायगढ़

अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर प्रभावी कार्रवाई करने कोतरारोड़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग कर सक्रिय मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 08/07/2024 की रात्रि थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबीर से ग्राम कुसमुरा में कुछ लोग खुडखुडिया पट्टी बिछाकर जुआ खेलने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा टाउन पेट्रोलिंग और गस्त के लिये उपस्थित आये जवानों की टीम बनाकर कार्यवाही के लिए ग्राम कुसमुरा रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताये स्थान की घेराबंदी कर खुडखुडिया में रूपये लगाकर जुआ खेल रहे 03 युवक (1) डोलनारायण चौहान पिता डहरू राम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ (2) हेमंत सिदार पिता हीरालाल सिदार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोतरा थाना कोतरारोड़ (3) जितेन्द्र सिदार पिता दुखीराम सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ को पकड़ा गया, कुछ लोग मौके से भाग निकले थे। पुलिस टीम ने आरोपियों से जुआ सामाग्री और नकदी रु.1020 को आरोपियों से जप्त कर थाना लाया गया। आरोपियों के कृत्य पर थाना कोतरारोड़ में अप.क्र. 251/2024 धारा 4, 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत गैर जमातीय कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक लोमस सिंह राजपुत, आरक्षक चंद्रेश पाण्डेय, मनोज कुमार जोल्हे और राकेश कुमार नायक शामिल थे।

कोरबा जिले में छापेमारी कर जूटमिल पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को ढूंढा

- नाबालिग को भगा ले जाने वाले आरोपी को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में भेजा जेल

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर गुम इंसान की खोज का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जूटमिल पुलिस ने गत माह 26 गुम इंसानों को ढूंढ निकाली और कल एक गुम नाबालिग की कोरबा जिले से दस्तयाबी में सफलता मिली है।

गुम बालिका के संबंध में 18 मार्च को बालिका के पिता द्वारा थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की (17 वर्ष, 07 माह) की स्थानीय दुकान में काम करती थी। 14 मार्च को रोज की भांति सुबह काम पर गई थी और शाम तक वापस नहीं आई। उसके दुकान जाकर पता करने पर पता चला कि शाम करीब 06.00 बजे लड़की दुकान से घर के लिए निकल गई थी। घरवालों ने लड़की की सहेलियों और आसपास पता किया, लड़की का पता नहीं चलने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका की गुमशुदगी पर थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 143/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात व्यक्ति पर पंजीबद्ध किया गया । गुम नाबालिक की पतासाजी दौरान लड़की के साथ काम करने वाली लड़कियों से पूछताछ करने पर युवक त्रिदेव महंत के साथ लड़की की मित्रता की जानकारी मिली। संदेही युवक और बालिका का मोबाइल बंद थे। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा गुम बालिका एवं संदेही की सूचना देने उनके परिचितों एवं मुखबिर लगा रखा गया था। इसी बीच दोनों के दर्री, जिला कोरबा में रहने की जानकारी पर तत्काल जूटमिल पुलिस टीम कोरबा रवाना होकर बालिका और संदेही युवक त्रिदेव महंत को थाना लाया गया। बालिका से पूछताछ पर त्रिदेव महंत के पिछले 5-6 वर्षों से जान पहचान होना और त्रिदेव महंत द्वारा शादी करने का विश्वास दिलाकर भाग ले जाना और शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी 4, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी त्रिदेव महंत (उम्र 19 साल) निवासी थानाक्षेत्र जूटमिल जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गुम बालिका की पतासाजी और आरोपी की गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, उप निरीक्षक गिरधारी साव, महिला प्रधान आरक्षक रेखा नागरे, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ और शशि भूषण साहू की अहम भूमिका रही है।

अभियान चलाकर किया जा रहा जिले में नक्शा बटांकन

- 6 माह में 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन पूरा
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर तेजी से हो रहा कार्य
- खसरे एवं नक्शे की उपलब्धता से लोगों को रही काफी सहुलियत

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनसामान्य की सुविधा के लिए नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। जिससे विगत माह दिसम्बर 2023 से अभी तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है।

नक्शा बटांकन कार्य जिले में तत्परता पूर्वक कराया जा रहा है, जिससे राजस्व अभिलेख में शुद्धता आ रही है। खसरा दुरूस्ती के पश्चात नक्शा अपडेशन नहीं होने से राज्य स्तर पर ऐसे खसरे काफी संख्या में लंबित रहे है। जिसका निराकरण कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिससे अब जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है। जिससे बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवादों में कमी आयी है। कई गांवों में नक्शा बटांकन के काम जो लम्बे समय से लंबित थे। उन्हें शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिनमें तहसील लैलूंगा एवं घरघोड़ा के इन विभिन्न ग्रामों में नक्शा अद्यतनीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है। इनमें रामपुर, कोड़ासिया, ईश्वरपुर, सोहनपुर एवं चिटकीबहार तथा तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम छिरभौना, पोरडी, राई, घोघरा शामिल है।

तहसील घरघोड़ा अंतर्गत घोघरा ग्राम के भूमिस्वामी बुधेश्वर पिता संतोष ने बताया कि उसका ग्राम घोघरा स्थित भूमिस्वामी मद की भूमि का हल्का पटवारी द्वारा मौका स्थल देखकर तुरंत नक्शा बटांकन कर दिया गया। जिसके कारण उसके पुत्र चंद्रकांत साहू एवं पुत्री मेघा साहू को एसईसीएल में नौकरी का लाभ मिल सका। ग्राम तुरेकेला के कृषक रामकुमार चौहान द्वारा नक्शा बटांकन के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया गया कि उनका ग्राम-तुरेकेला में भूमि कब्जा संबंधी विवाद चल रहा था, जिसका नक्शा बटांकन होने से विवाद का निराकरण हो गया एवं इसके लिए रामकुमार पटेल द्वारा उक्त नक्शा बटांकन के लिए शासन को आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम-जैमुड़ा के कृषक गंगाधर पिता हीराराम पटेल के द्वारा बताया गया कि गंगाधर पटेल को उनके भूमि का सीमा चिन्ह ज्ञात नहीं था, नक्शा बटांकन होने के उपरांत पटेल को उनके भूमि का सीमाचिन्ह ज्ञात हो गया।

अंत्योदय/आदिवासी स्वरोजगार योजना हेतु मंगाए गए आवेदन

रायगढ़

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोडऩे हेतु छ.ग.शासन द्वारा अंत्योदय/ आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा किए जा सकते है। आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

योजना में पात्रता एवं शर्ते- इस योजना के लिए आवेदक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद एवं आय प्रमाण-पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 1.50 लाख से अधिक न हो। आवेदक का नाम राशन कार्ड में हो, आधार कार्ड, पेन कार्ड की छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है।

सारंगढ़ क्षेत्र के आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 10 जुलाई

सारंगढ़-बिलाईगढ़

एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए 10 जुलाई 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया है। इसके अंतर्गत नगरपालिका सारंगढ़ अंतर्गत प्रचलित विज्ञापन अनुसार आंगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनवाडी केन्द्र-वार्ड कमांक 11/4 एव आंगनबाड़ी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र वार्ड कमांक 11/4, विशालपुर (वार्ड क 5). आंगनबाडी केन्द्र 5/3 जूनाडीह (वार्ड क. 10) के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत प्रचलित विज्ञापन अनुसार आँगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनबाडी केन्द्र बासीनबहरा, घौठला बडे-2 रोहिनापाली, खुर्सी-2 एव ऑगनबाडी सहायिका हेतु आगनबाडी केन्द्र बोईरडीह-1. जेवरा-1. छातादेई-2. सेमरापाली-1, चुरेला 2. साराडीह, मकरी, कान्दुरपाली, रेडा-4, घौठला बडे-2, खुर्सी-2, बरदरहा, जेवरा-2. बोईरडीह-2. दानसरा-3 एवं दुर्गापाली के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

सभी केंद्रों के लिए प्राप्त आवेदनो का मूल्याकन समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरात अनतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है। प्रकाशित अनतिंम मूल्यांकन पत्रक ने जिस किसी अभ्यर्थी आवेदिकाओं को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो वे 10.07.2024 की शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा आपत्ति मान्य होगा। नियत तिथि व समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

मल्दा ब, बहलीडीह और भिखमपुरा में 9 जुलाई को होगा राजस्व शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़

सारंगढ़ अनुविभाग में 9 जुलाई को मल्दा ब, बहलीडीह और भिखमपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सारंगढ़ तहसील के मल्दा ब में शिविर- सारंगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत मल्दा ब में आयोजित शिविर में अमझर, गाथापीढा, भीमसेनडीह, मकरी, अमलीडीपा, कंवरगुड़ा, बेहराचुवा, भद्रीउड़ान, सोनाडुला, घोठला बड़े, झारमुडा, बिछलवा, सरायपाली, खैरपाली, फरसवानी, लोहारिनडिपा, मल्दा ब, बरगांव, बरपाली , बंधापाली, बुदेली, देवसर, गोडा, टांडापाली, बघनपुर, बोइरडीह, मानिकपुर, सिंगारपुर, जोगीडीपा, खरवानी बड़े, परसदा छोटे, परसकोल छोटे भालूपानी और कोर्रापानी के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य कर सकते हैं।

बरमकेला तहसील के बहलीडीह में शिविर- बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत बहलीडीह में आयोजित शिविर में ग्राम हिर्री, गोपालपुर, सरायपाली, जामछापर, सेमीकोट, पिकरीपाली, चिंगरीडीह और लामीपाली के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर सकते हैं।

सरिया तहसील के भीखमपुरा में शिविर- सरिया तहसील के भीखमपुरा में में आयोजित शिविर में भीखमपुरा, बुदाबुदा, पिहरा, विजयपुर चिंतामणिपाठ के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि नागरिक शिविर में उपस्थित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायत सचिव इस शिविर के एक दिन पूर्व ग्रामीणों से राजस्व के आवेदन स्वीकार करेंगे और शिविर के दिन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यो जैसे किसान पुस्तिका, बी-1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप-जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480